# विजयवर्गीय वैश्य समाज ने मनाई श्री रामचरण महाराज जयंती आरती




बड़वाह- नगर में विजयवर्गीय वैश्य समाज ने रामस्नेही सम्प्रदाय के संस्थापक प्रवर्त्तक स्वामी जी श्रीरामचरण जी महाराज की जयंती बड़े श्रद्धा भाव के साथ मनाई।अपने आराध्य की जयंती पर विजयवर्गीय वैश्य समाज ने शनिवार रात में आनंदेश्वर मंदिर पर समारोह का आयोजन रखा।इस अवसर पर समाज के मेघावी छात्र छात्राओं का शील्ड और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।समाज अध्यक्ष रोमेश विजयवर्गीय ने बताया कि पिछले सत्र में सीबीएससी बोर्ड परीक्षाओं के 10वी और 12वी दोनों कक्षाओं में समाज के बच्चों ने नगर में सर्वोच्च और कुल 5 बच्चों मेहुल कृष्णमुरारी कुंजल.केशवी दिपेश विजयवर्गीय विश्वेश रोमेश विजयवर्गीय और अर्नव आशीष मोदी ने इन बोर्ड परीक्षाओं मेरिट में आकर नगर में समाज का परचम लहरा दिया। ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों को समाज प्रत्येक वर्ष सम्मानित करता है। इस अवसर पर उन्हें समाज के संरक्षक शिवप्रसाद विजयवर्गीय आनंदेश्वर मंदिर समिति सदस्य समाजसेवी महेन्द्र गर्ग परमात्मा शरण व्यास बाबूलाल अग्रवाल मारवाडी ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मनीष शर्मा समाज संयोजक दिनेश विजयवर्गीय राजेन्द्र विजयवर्गीय जगदीश मोदी आदि के हाथों पुरस्कृत और सम्मानित किया।इस अवसर पर समाज के सह सचिव लवेश मोदी कोषाध्यक्ष रमेश मोदी सह कोषाध्यक्ष महेश विजयवर्गीय दिपेश विजयवर्गीय ललित विजयवर्गीय दिपेश मोदी नंदकिशोर विजयवर्गीय युवा संगठन से उमंग विजयवर्गीय पीयूष मोदी, आकाश मोदी शिवम विजयवर्गीय अमित मोदी आदि समाजजन उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन सलोनी राजेन्द्र विजयवर्गीय ने किया।आभार सचिव विक्की मोदी ने माना।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई



**बड़वाह –रविवार को नगर में श्री संत रविदास समाज सेवा समिति के तत्वाधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई।जयंती समारोह के मुख्य अतिथि पन्नालाल औछाने कालूराम वर्मा थे। इस मौके पर विधायक सचिन बिरला कांग्रेस नेता त्रिलोक राठौड़ नपाअध्यक्ष राकेश गुप्ता नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल सीएमओ कुशलसिंह डुडवे भाजपा जिलामहामंत्री महिम ठाकुर पूर्व नपाअध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल राय एसडीएम बी.एस.क्लेश कृषि विस्तार अधिकारी बी.एस.सेंगर रवि एरन निखलेश खंडेलवाल ने संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।कांग्रेस के त्रिलोक राठौ? ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी उन महान संतों में अग्रणी थे।उन्होंने कहा कि ऊंच.नीच जात.पात छोड़कर सभी को समाज और राष्ट्र की उन्नति में सहयोग करना है।**

### नगर में विशाल शोभायात्रा निकली

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर गणगौर घाट से सुबह 9.30 बजे डीजे ढोल के साथ नगर में शोभायात्रा नगर के जवहार मार्ग झण्डा चौक एमजी रोड मैन चौराहा बस स्टेशन महेश्वर रोड जय स्तम्भ चौराहा नर्मदा रोड सहित प्रमुख मार्गों से निकाली गई।शोभायात्रा में चल रहे समाज जनों ने संत रविदास जी अमर रहे रविदास शक्ति अमर रहे रविदास जी महाराज की जय के जयकारे लगाए।यात्रा का जगह.जगह पर स्वागत किया गया।बस स्टेशन स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया7भीमराव अम्बेडर जी के नारे लगाए चल समारोह जय स्तंभ होते हुए सभा स्थल गणगौर घाट पर पहुचा । शोभायात्रा में महिलाएं बच्चे बुजुर्ग और युवाओं के साथ ही गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### वरिष्ठों व युवाओं का सम्मान किया गया

श्री संत रविदास समाज सेवा समिति अध्यक्ष पन्नालाल ओछाने उपाध्यक्ष संतोष राजोरेओमप्रकाश सुरागे महेश ओछाने के.आर.वर्मा दिनेश कोठिया ने अतिथियों व वरिष्ठजनो का स्वागत अभिनंदन ने दिया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा संतश्री के जीवन पर आधारित प्रस्तुति दी जिसे अतिथियों ने सराहना की। वही प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10 वी एवं 12 वी में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले समाज के युवाओं का सम्मान किया गया। बड़वाह, सनावद, बेड़िया, भोगांव सीपानी, जयमलपुरा, कानापुर, सिरलाए, रतनपुर ,बफलगांव, भूलगांव, ढकलगांव, गलगांव, नंदगांव ,बड़ूद, खोडी इत्यादि इस अवसर पर राधेश्याम राजौरे गिरधारी कोठे गब्बर सुरसुरदे ओमप्रकाश सुरागे दीपक सिसोदिया रमेश औछाने राधेश्याम राजौरे गोविंद चोगुने,अंकुश वर्मा, अरुण सूरागे,प्रिन्स गौड़ सहित समाजजन मोजूद थे।

# दलित महिला के हाथ बांधकर पीटा, मकान खाली करवाना चाहते हैं दबंग

## 3 घंटे बाद पुलिस ने खोली रस्सी

**बड़वाह -दलित बुजुर्ग महिला के साथ गांव के ही दबंगों ने मारपीट कर दी। पीडित महिला का आरोप है कि गांव के दबंग उसका मकान खाली करवाना चाहते हैं। दबंग नहीं चाहते कि वह उसके घर के आस पास रहे। शुक्रवार दोपहर 1 बजे उसके हाथ रस्सी से बांधकर पिटाई की गई। बहन और ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची, तब जाकर 3 घंटे बाद रस्सी से उसके हाथ खोले गए।**



### दर्द की कहानी पीडित महिला की जुबानी

दलित महिला ने बताया कि उसका घर आरोपियों के घर के सामने ही है। मैं दलित समाज से हूं, इसलिए वह नहीं चाहते कि मैं उनके घर सामने रहूं। वह मुझे आस-पास भी देखना पसंद नहीं करते। वह मुझसे जबरन मकान खाली करवाना चाहते हैं, इसलिए वह आए दिन विवाद करते रहते हैं।

शुक्रवार को दोपहर 1 बजे में घर पर काम कर रही थी। आरोपियों की मां और बहू मेरे घर के अंदर घुस आई। उन्होंने मेरे बाल पक? और खींच कर बाहर लेकर आई। मैं दर्द से चिल्ला रही थी, लेकिन कोई मदद को आगे नहीं आया। मुझे घर के बाहर लाकर पटक दिया गया। उसके बाद आरोपी ने मेरे हाथ बांध दिए। फिर मेरे साथ मारपीट की गई। वह मुझसे कह रहे थे कि तू दलित है, यहां से निकल जा।

मेरे 2 बजे से लेकर 5 बजे तक हाथ बंधे रहे। इस बीच मेरी बहन भी मौके पर पहुंच गई। मेरी बहन ने जब मेरे हाथ खोलने का प्रयास किया, तो उसको भी धमकी दी। आरोपियों ने कहा कि अगर इसके हाथ खोले तो अच्छा नहीं होगा। वह घबरा गई और गांव के लोगों को खबर देने के लिए भागी। उसके बाद बहन और ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस पहुंची तब तीन घंटे के बाद मेरे हाथों से रस्सी खोली गई।

### पुलिस से की शिकायत

मेरा बेटा इंदौर में रहता है। मैंने अपने बेटे को पूरी घटना के बारे में बताया। बेटे और बहन के साथ सनावद थाने में जाकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज नहीं किया। इसलिए न्याय की उम्मीद लिए बेटे के साथ खरगोन एसपी ऑफिस पहुंची हूं। मैंने एएसपी मनीष खत्री को मामले की पूरी जानकारी दी है। उनको फोटो और वीडियो भी साक्ष्य के रूप में दिखाए हैं।

### एससी एसटी में मामला दर्ज

एएसपी मनीष खत्री ने अजाक थाने में निर्देश दिया। उसके बाद अजाक थाने में शिकायत दर्ज हुई। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर दो महिलाओं और एक पुरुष के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मामला दर्ज किया है।

### टोने के शक में हुआ विवाद

सनावद थाना प्रभारी मंसाराम रोमडे ने बताया कि तीनों आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में यह बताया है कि पीडिता को उन पर शक है कि वह उसके परिवार पर टोना टोटका करते हैं। पी?िता के चार बच्चो में एक लडका इंदौर व लडकी शादीशुदा होकर अपने ससुराल में है। जबकि एक बेटी की सांप कांटने व एक अन्य लडके की पिछले वर्ष हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। आरोपियों के अनुसार पीडिता को शक था कि दोनों बच्चों की मौत भी टोना-टोटका करने से हुई है, जिसे लेकर वह उनसे विवाद भी करती थी।


### मरे मुर्गे को देख देने लगी गालियां

घटना वाले दिन सुबह पीडिता के घर के सामने मरा हुआ मुर्गा प?ा हुआ था। टोटके की आशंका को लेकर पीड़िता सुबह से गाली गलौज कर रही थी। इसी के चलते तीनों ने बाहर आकर उसके साथ विवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी पुलिस को बताया कि विवाद के बाद पीडिता बार-बार आत्महत्या की धमकी दे रही थी। वह कुछ गलत कदम ना उठा ले, इसलिए उन्होंने पीड़िता के हाथ बांध दिए थे।

### मां-बेटे और पती को भेजा जेल

थाना प्रभारी सनावद ने बताया कि इस मामले में तीन आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। मारपीट करने वाली सास संतोष बाई, रमेश यादव, गणेश पिता रमेश यादव और बहू मालतीबाई पति गणेश यादव को गिरफ्तार कर सनावद न्यायालय में प्रस्तुत किया था। जहां से महिला आरोपियों को खरगोन महिला जेल और गणेश को मंडलेश्वर जेल भेजा है। थाना प्रभारी के अनुसार हालांकि इस मामले में प्रारम्भिक पूछताछ ही हुई है। मामले की जांच जारी है।

# कैनो सलालम प्रतियोगिता की शुरुआत सहस्त्रधारा की तेज धार व लहरों पर आज खिलाडी दिखाएंगे खेल का रोमांच



### करही - विशाल बागमार

खेलो इंडिया के तहत सोमवार को सहस्त्रधारा के प्राकृतिक ट्रैक पर दो दिनी कैनो सलालम प्रतियोगिता की शुरुआत होगी। सहस्त्रधारा की तेज धार व लहरों पर 15 राज्यों के 32 खिलाडी खेल का रोमांच दिखाएंगे। यहां पहली बार यूथ गेम्स में वॉटर गेम्स होने जा रहे हैं। सलालम में 2 बालक व 2 बालिका खिलाडियों के 4 मेडल्स के लिए यूथ गेम्स की प्रतियोगिता हो रही है। इस नेशनल गेम्स में प्रदेश की खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया भी शिरकत करेगी। वे दोपहर 12 बजे यहां पहुंचेगी। जिला खेल अधिकारी पवि दुबे ने बताया सोमवार सुबह 9 बजे सहस्त्रधारा पर ओपनिंग सेरेमनी होगी।

15 राज्यों के 16 पुरुष व 16 महिला खिलाडी प्रतियोगिता में शामिल होंगे। पहले दिन 8-8 महिला-पुरुष के बीच दोनों वर्ग के 1-1 इवेंट होंगे। प्रतियोगिता के बाद सहस्त्रधारा पर ही मेडल्स सेरेमनी होगी। जीतने वाले खिलाडियों को मेडल्स से नवाजा जाएगा। आयोजन को लेकर सहस्त्रधारा स्थल पर पूरी तैयारियां हो गई है। इस प्रतियोगिता का सीधा प्रसारण होगा। इसे जनसंपर्क सोशल मीडिया के यू ट्यूब चैनल और कलेक्टर खरगोन के फेसबुक पेज व ट्विटर अकाउंट से लाइव किया जाएगा।

### एक फीट बडा नर्मदा का पानी...

दो दिन पहले कलेक्टर शिवराजसिंह वर्मा व एसपी धर्मवीरसिंह ने प्रतियोगिता स्थल का निरीक्षण किया था। उस समय थोडा वॉटर लेवल कम था। एसपी ने एसडीएम को इसको लेकर निर्देश दिए थे। उन्होंने खेल से जुडे लोगों से चर्चा की बात कही थी। रविवार को माघ पूर्णिमा होने से ओंकारेश्वर में स्नान के लिए बांध से पानी छोडा गया। इससे यहां भी एक फीट तक पानी बडा है। खेल से जुडे लोगों का मानना है कि यह प्रतियोगिता के लिए अच्छा है।

### हवा में लटके गेट से तय होगी जीत-हार

कैनोइंग कोच के अनुसार सहस्त्रधारा में करीब 150-200 मीटर की दूरी पर कुल 18 गेट हवा में टांगे जाएंगे। इसमें 12 गेट बहते पानी की दिशा में होंगे। इनका रंग हरा- सफेद होगा। 6 गेट बहाव के विपरीत होंगे। इनका रंग लाल-सफेद पट्टी में होगा ताकि खिलाडी इन्हें बेहतर समझ सकें। इन गेट्स को टफ करने पर 2 सेकंड की पेनल्टी और गेट को मिस करने पर 50 सेकंड की पेनल्टी होगी। जिस खिलाडी का समय सबसे कम होगा वो मेडल्स का हकदार होगा।

# परीक्षा के ठीक पहले होंगे अतिशेष शिक्षकों के तबादले

बडवाह.... पहली से 12वीं कक्षा की परीक्षाओं के ठीक पहले स्कूल शिक्षा विभाग ने अतिशेष शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अतिशेष शिक्षकों की सूची तैयार कर दावे-आपत्ति का शनिवार को अंतिम दिन था।वही शिक्षा विभाग का एज्युकेशन पोर्टल अपडेट नहीं है।विभाग इसी पोर्टल के अनुसार शिक्षकों के स्थानातंरण की तैयारी कर रहा है।विभाग की ओर से बडवाह ब्लाक में 205 अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी कर दी गई है।इससे शिक्षक परेशान हैं,वे बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराना छोड़कर इस कोशिश में लग गए हैं कि कहीं और न जाना पडे।इससे पढाई प्रभावित हो रही है।शिक्षा विभाग के पोर्टल में सबसे अधिक अतिशेष सनावद की शासकीय कन्या उमावि में बताया गया है।यहा पर 16 की जगह 34 शिक्षक-शिक्षिका पदस्थ है।विभाग की माने तो 13 शिक्षक अतिशेष की श्रेणी में आते है।वही बड़वाह शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आठ शिक्षक शिक्षिका अतिशेष है।

आपको बता दे की ब्लाक की 117 स्कुलो में 205 अतिशेष शिक्षक-शिक्षिका है। जैसे ही अतिशेष शिक्षको की सूचि पोर्टल पर जारी हुई थी,तो बडवाह बीईओ कार्यालय में दावा-आपत्ति के लिए शिक्षको की भीड़ एकत्रित हो गई थी। बीईओ डीएस पिपलोदे ने बताया कि दो दिन में 116 शिक्षक-शिक्षिकाओ ने दावा-आपत्ति के लिए आवेदन जमा करवाए है।शनिवार को जांच दल के सदस्य जेठवाय प्राचार्य संतोष सोलंकी,हाईस्कूल भूलगाँव प्राचार्य डीके गुप्ता,यतीन्द्र जोशी,रवि वर्मा,नीरज पटेल ने आवेदनों का सत्यापन करके उसकी रिपोट खरगोन जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करेगे। यह प्रक्रिया शाम तक चलते रही।

### अतिशेष की सूची में दिव्यांग और बीमार भी

विभाग ने अतिशेष शिक्षकों की सूची में दिव्यांग,एक साल में सेवानिवृत्त होने वाले और गंभीर बीमारी वाले शिक्षकों को भी शामिल किया है।जबकि प्रविधान यह है कि 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग को अतिशेष मानकर नहीं हटाया जा सकता है।वहीं जिसकी एक साल नौकरी बची है और जो गंभीर बीमार है। उसे भी अतिशेष नहीं माना जा सकता है।हालाकि लगभग पांच से छह शिक्षक ऐसे है,अब उनके आवेदनों की जांच के बाद उनको पात्र किया जा सकता है।

# पंच कर्म अग्निकर्म और शल्य क्रिया से उपचार अग्नि कर्म से दूर किए वर्षों पुराने त्वचा के रोग



बड़वाह--आयुष विभाग द्वारा संत रविदास जयंती के अवसर पर रविवार को बडवाह के नपा परिसर में आयुष मेला आयोजित किया गयाद्य382 व्यक्तियों का आयुर्वेद व होम्योपैथ पद्धति से स्वास्थ्य परीक्षण किया-निशुल्क दवाइयां भी दी। आयुर्वेद की अग्निकर्म पद्धति से कई व्यक्तियों के त्वचा संबंधी रोग मस्से कील आदि का उपचार किया7आयुष मेले में विधायक सचिन बिरला भाजपा जिला महामंत्री महीम ठाकुर नपा अध्यक्ष राकेश गुप्ता उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल सहित जन.प्रतिनिधि भी शामिल हुए। शिविर में आयुर्वेदए होम्योपैथी से रोगियों का इलाज किया गया7इसके साथ ही शिविर में योगाभ्यास एवं योग से लाभ की जानकारी जन.सामान्य को दी गई। शिविर में गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की व्यवस्था भी की गई थी7शासन के निर्देश पर पंचकर्म अग्निकर्म शल्य क्रिया सहित विभिन्न तरीके से आयुर्वेद व होम्योपैथ उपचार के साथ ही शिविर में रोगियों के ब्लड प्रेशर और शुगर की जाँच की भी व्यवस्था की गई थी। नोडल प्रभारी डॉ.अंसार कुरैशी ने बताया कि शिविर में मस्सा भगंदर फिशर वात रोग उदररोग चर्म रोग स्त्रीरोग मूत्र रोग आदि कई रोगों का उपचार आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा किया गया । शिविर में रोगियों को अग्निकर्म की क्रिया द्वारा उपचार किया गया। साथ ही पाइल्स का क्षार सूत्र अर्श द्वारा उपचार किया गया। वैसे तो शिविर में विभिन्न प्रकार की व्याधियों का उपचार किया गया। लेकिन अग्निकर्म पंचकर्म एवं क्षार सूत्र पद्धति से उपचार के प्रति लोग विशेष रूप से रुचि दिखाकर स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान डॉ.सूरज आहिरवार डॉ.शांतिलाल मंडलोई डॉ.नारायण परसाया डॉ.गुलाब सिंह चौहान डॉ.मनीष निगवाल डॉ.विनोद परिहार डॉ.मुजाल्दे एवं रविन्द्र बर्वे दोलतसिंह गुर्जर सहित अन्य स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। इस दौरान अग्नि कर्म के 38 पंच वेदन 15 रक्त मोक्षण । ब्लड प्रेसर शुगर 42 सहित अन्य बीमारियों के मरीज पहुंचे थे।

